# संकल्प सिद्धि

## ई-बुलेटिन (अर्द्धवार्षिक)

अंक : चतुर्थ (जुलाई-दिसम्बर 2022)

# शहीद मंगल पाण्डे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय

### माधवपुरम, मेरठ (उ०प्र०)

'नैक' द्वारा 'बी ' ग्रेड प्रमाणित



# प्राचार्य संदेश



समूचे राष्ट्र में स्वाधीनता का अमृत महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है । इस ऐतिहासिक अवसर पर शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक नागरिक देश प्रेम और स्वाभिमान का संचार करने हेतु महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का आयोजन किया गया। छात्राओं में राष्ट्रीय चेतना जागृत करने हेतु हर घर तिरंगा, तिरंगा यात्रा, विभाजन विभीषिका, काकोरी एक्शन-डे इत्यादि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 1947 में मिली राजनीतिक स्वतंत्रता के साथ देश ने राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों में महान उपलब्धियां अर्जित की, परन्तु वैचारिक स्वतंत्रता का सपना कहीं पीछे ही छूट गया। परंतु अब देश औपनिवेशिक दासता के प्रत्येक प्रतीक एवं मानसिकता को तार्किकता के आधार पर परिवर्तित करने की प्रक्रिया में है। वैचारिक स्वतंत्रता से ही सशक्त समाज एवं स्वाबलंबी राष्ट्र का निर्माण होगा । शिक्षण संस्थानों के पास अब राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में निहित भारतीय भाषाओं में शिक्षा और अनुसंधान, गुलामी से मुक्ति का सबसे सशक्त साधन के रूप में उपलब्ध है। जिसके माध्यम से युवा अपनी भाषा, सभ्यता एवं संस्कृति से जुड़ कर उसे अपने जीवन व्यवहार में उतारकर वास्तविक स्वराज के सारथी बन सकेंगे। अमृत काल में अमृत रूपी शिक्षा के माध्यम से ही आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की सिद्धि संभव है । महाविद्यालय के सभी शिक्षक पथ प्रदर्शक बन छात्राओं में स्व बोध की भावना जागृत कर उन्हें वैचारिक स्वतंत्रता की ओर अग्रसर करने में अपनी महती भूमिका निभाएं। विरासत के समृद्ध प्रेरणा पुंज को शिक्षा के अमृत से ही से युवा पीढ़ी भारत के निर्माण में आवश्यक संकल्प की सिद्धि में सहायक बने, पथ प्रदर्शक बने। इन्हीं शुभकामनाओं के साथ मैं सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस एवं शिक्षक पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करती हूं।

प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह

# सम्पादक की कलम से...



शिक्षा छात्राओं के स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण का मूलभूत व महत्वपूर्ण साधन है। शिक्षा के माध्यम से ही छात्राएं समाज में सशक्तता, समानता एवं सम्मान प्राप्त कर सकती हैं। शिक्षा से वो अपनी दक्षता, कौशल ज्ञान एवं क्षमताओं का विकास कर आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक, न्यायिक एवं तकनीकी क्षेत्रों में सहभागिता कर, सशक्त नागरिक बनकर, राष्ट्र निर्माण में अपना सकारात्मक एवं प्रभावी योगदान दे सकती हैं। शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं को बराबरी का दर्जा प्राप्त है, और आजादी के 75 वर्षों में महिलाओं ने शिक्षा प्राप्त कर प्रत्येक क्षेत्र में अपना परचम लहराया है। परन्तु अभी भी ग्रामीण, सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़ी महिलाओं के लिए शिक्षा एक सपना है। महाविद्यालय छात्राओं को शिक्षित एवं दीक्षित कर उनका आर्थिक सामाजिक एवं राजनीतिक सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। छात्राएं शिक्षित हो संवेदनशील नागरिक बन, न केवल अपना, बल्कि आने वाली पीढ़ी का भी स्वर्णिम भविष्य सुनिश्चित करें । इन्हीं शुभकामनाओं के साथ सभी साथियों को शिक्षक दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

संकल्प सिद्धि के चतुर्थ अंक के प्रकाशन हेतु महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० अंजू सिंह के संरक्षण, कुशल निर्देशन एवं प्रोत्साहन हेतु हार्दिक आभार ! संपादक मंडल के सभी सदस्यों का सहयोग हेतु हार्दिक आभार!

अंत में शिक्षा के संकल्प के माध्यम से ही समस्त सिद्धियों की प्राप्ति हेतु निरंतर प्रयास ही हमारी प्रेरणा है।

सादर कृतज्ञता समस्त के प्रति!

डॉ० गीता चौधरी (मुख्य सम्पादक)



इस उत्कर्ष शिक्षा केन्द्र के विद्या रूपी वातावरण में अपना भविष्य निर्मित कर रहीं छात्राएँ आर्थिक रूप से सक्षम एवं स्वावलंबी भारतीय नागरिक बनें । इन्हीं शुभकामनाओं के साथ हार्दिक बधाई ।

डॉ० ज्योति चौधरी (सह-सम्पादक)



व्यक्ति जितना अधिक संघर्ष करेगा, उसकी जीत उतनी ही शानदार होगी । इसलिए समस्याओं से न डरें, अपना लक्ष्य निर्धारित करें, सफलता निश्चित शानदार होगी। इन्हीं शुभकामनाओं के साथ हार्दिक बधाई ।

डॉ० अमर ज्योति (सह-सम्पादक)



कर्म के बिना ज्ञान का कोई अर्थ नहीं है। ज्ञान को उद्यम से जोड़ने हेतु नई शिक्षा नीति में निहित कौशल विकास की असीम संभावनाएं साकार हो, आशाओं के साथ अनंत शुभकामनाएं ।

डॉ० राकेश कुमार (सह-सम्पादक)



वर्तमान डिजिटल युग में तकनीकी ज्ञान के साथ छात्राएं वैश्विक प्रतिस्पर्धा की चुनौतियों का सामना कर पाएगी । आशा है यह स्वावलंबन की ज्योति का प्रकाश चहुँ ओर फैलेगा । इन्हीं शुभकामनाओं के साथ संकल्प सिद्धि के प्रकाशन की हार्दिक बधाई प्रेषित करता हूँ ।

डॉ० वैभव शर्मा (सह-सम्पादक)

## आजादी का अमृत महोत्सव



भारत सरकार के बहुउद्देशीय कार्यक्रम आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं नोडल अधिकारी डॉ० अनीता गोस्वामी के नेतृत्व में उत्साहजनक कार्यक्रम आयोजित किए गए। दिनांक 11.08.2022 से 17.08.2022 तक जनपद स्तर पर हर घर तिरंगा रैली, प्रदर्शनी, सेल्फी प्रतियोगिता, प्रभात फेरी, रागिनी गायन, अमृत दीर्घा प्रदर्शनी, काकोरी स्मृति विभीषिका रैली आदि का आयोजन किया गया। दिनांक 19.11.2022 को महारानी लक्ष्मी बाई की जयंती पर छात्राओं ने कविता का पाठ कर पुरस्कार प्राप्त किए।



## उत्तर प्रदेश राज्य सड़क सुरक्षा परिषद



उत्तर प्रदेश के महत्वपूर्ण अभियान राज्य सड़क सुरक्षा परिषद के अंतर्गत महाविद्यालय में एक समिति गठित है जिसका उद्देश्य समय-समय पर छात्राओं को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करना है। माह नवम्बर 2022 में शासन के निर्देश के क्रम में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत नामित जनपद स्तरीय नोडल अधिकारी के साथ ही मंडल नोडल अधिकारी की भूमिका में सड़क सुरक्षा की मंडल स्तरीय प्रतियोगिताओं के संपादन का उत्तरदायित्व महाविद्यालय को सौंपा गया, जिसे महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० अंजू सिंह के संरक्षण व डॉ० लता कुमार एवं डॉ० ज्योति चौधरी के नेतृत्व में दिनांक 01.12.2022 को मण्डल स्तरीय प्रतियोगिताओं के आयोजन के साथ सफलतापूर्वक पूर्ण किया।



## सूचना एवं रोजगार प्रकोष्ठ द्वारा कार्यक्रमों का आयोजन




महाविद्यालय के रोजगार प्रकोष्ठ के तत्वावधान में छात्राओं के रोजगारोन्मुखी विकास हेतु प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण में एवं डॉ० भारती दीक्षित के नेतृत्व में सत्रभर विभिन्न कार्यशाला, अतिथि व्याख्यान व अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। दिनांक 29.09.2022 को क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, मेरठ के सौजन्य से "वर्तमान में रोजगार की चुनौतियां एवं अवसर" विषय पर व्याख्यान, दिनांक 19.10.2022 को "शिक्षण क्षेत्र में रोजगार के अवसर" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला, दिनांक 19.11.2022 को विश्वविद्यालय सेवायोजन सूचना एवं मंत्रणा केंद्र, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ तथा महाविद्यालय रोजगार प्रकोष्ठ के तत्वावधान में "अंग्रेजी संप्रेषण में कैरियर का चुनाव" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया ।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह



15.08.2022 को महाविद्यालय में राष्ट्र का 76 वां दिवस समारोह 'आजादी के अमृत महोत्सव' के रुप में पूर्ण उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह जी के द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। समारोहिका डॉ० पूनम भंडारी के द्वारा निदेशक, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश के संदेश का वाचन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में महाविद्यालय एन०सी०सी० इकाई व रेंजर्स की छात्राओं ने देशभक्ति के रंगों से ओतप्रोत रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव की सार्थकता हेतु सभी नागरिकों को अपने निज हितों को त्यागकर राष्ट्र हित में अपना सकारात्मक योगदान निश्चित करना होगा।



**थोड़ा सा अभ्यास बहुत सारे उपदेशों से बेहतर है ।-महात्मा गांधी**

## सिलाई प्रशिक्षण एवं फैशन डिजाइनिंग का डिप्लोमा कोर्स




महाविद्यालय में संचालित विषयों को कैरियर ओरिएंटेड एवं रोजगारपरक बनाने हेतु प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण में स्नातक स्तर पर स्किल डेवलपमेंट कोर्स संचालित हैं। डॉ० पूनम भंडारी एवं डॉ० मोनिका चौधरी के निर्देशन में दिनांक 25.11.2022 से सिंगर सिलाई मशीन एवं रोटरी क्लब, मेरठ द्वारा सिलाई प्रशिक्षण एवं फैशन डिजाइनिंग का डिप्लोमा कोर्स संचालित हैं।

## रोजगार मेला-2022 एवं छात्रा प्लेसमेंट



प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण में एवं डॉ० भारती दीक्षित के नेतृत्व में दिनांक 23.12.2022 को महाविद्यालय और क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, मेरठ के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय प्रांगण में महिलाओं हेतु रोजगार मेला 2022 का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेले में कुल 106 छात्राओं ने पंजीकरण कराया। इनमें से कुल 62 छात्राओं का प्लेसमेंट विभिन्न कंपनियों में हुआ।



## निशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम



दिनांक 12.12.2022 से प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं डॉ० अमर ज्योति व डॉ० भारती शर्मा के नेतृत्व में आई०सी०टी० एवं कंप्यूटर ट्रेनिंग प्रोग्राम समिति के द्वारा छात्राओं हेतु महाविद्यालय में एक माह के निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया किया गया। जिसमें छात्राओं को एम०एस०वर्ड, एम०एस०एक्सेल, पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन तथा इंटरनेट का उपयोग आदि मुख्य विषयों का व्यवहारिक ज्ञान दिया गया।

## महाविद्यालय नवोन्मेष प्रकोष्ठ



प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं डॉ० रविन्द्र कुमार के नेतृत्व में दिनांक 25.08.2022 "लीन स्टार्टअप एंड मिनिमम बाइबल प्रोडक्ट" बिजनेस बूटकैंप, विषय पर अतिथि व्याख्यान, दिनांक 27.08.2022 को "फ्रॉम प्लांट्स टू मेडिसिन" विषय पर एक संगोष्ठी, दिनांक 29.08.2022 को विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं के द्वारा उद्यमिता संबंधी विभिन्न आवश्यक, उपयोगी सामग्रियों का निर्माण कर उसकी प्रदर्शनी, 03.11.2022 को प्रकोष्ठ द्वारा "एंटरप्रेन्योरशिप एंड इनोवेशन एंव कैरियर संभावनाएं" विषय पर एक अतिथि व्याख्यान, दिनांक 09.11.2022 को "माय स्टोरी: मोटिवेशनल सेशन बाय सक्सेसफुल एंटरप्रेन्योर" विषय पर एक अतिथि व्याख्यान, दिनांक 19.11.2022 को "प्रॉब्लम साल्विंग एंड आईडिएशंस" विषय पर कार्यशाला, दिनांक 26.11.2022 को "इंटर इंस्टीट्यूशनल कम्पटीशन एंड बेस्ट आईडियाज" प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।




**उस शिक्षा का क्या मूल्य है जो हमारे अंदर गलत को सही करने का जुनून और निडरता ना पैदा कर सके। —किरण बेदी**

## राष्ट्रीय शिक्षा दिवस




दिनांक 11.11.2022 को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के उपलक्ष में समारोहक, शिक्षा संकाय प्रकोष्ठ के तत्वाधान में निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसका विषय "मौलाना अबुल कलाम आजाद जी के शैक्षिक विचारों की वर्तमान शिक्षा में प्रासंगिकता" रहा।

## महिला प्रकोष्ठ : लैंगिक समानता की ओर बढ़ते कदम....



प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं डॉ० सुधा रानी सिंह के नेतृत्व में दिनांक 06.08.2022 को सैनिकों के लिए राखी बनाओ प्रतियोगिता, दिनांक 26.08.2022 को छात्राओं को आने वाले समय में कार्यस्थल पर किसी भी शोषण उत्पीड़न और असमानता का दंश ना झेलना पड़े इस उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय महिला समानता दिवस के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता, दिनांक 11.10.2022 को "बालिका शिक्षा समस्या व समाधान" विषय पर निबंध प्रतियोगिता, दिनांक 25.11.2022 को अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस के अवसर पर "समाज में व्याप्त महिला हिंसा के विविध रूप तथा उनका उन्मूलन" विषय पर एक विचार गोष्ठी, दिनांक 24.12.2022 को छात्राओं के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए "महिला स्वास्थ्य समस्या और समाधान" विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया ।



## आन्तरिक गुणवत्ता निर्धारण प्रकोष्ठ (आई० क्यू० ए० सी०)

महाविद्यालय में शिक्षा और शिक्षणेत्तर गतिविधियों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आई०क्यू०ए०सी० इकाई द्वारा प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं डॉ० लता कुमार के नेतृत्व में दिनांक 16.12.2022 को महाविद्यालय की आंतरिक गुणवत्ता निर्धारण प्रकोष्ठ की प्रथम बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी मेरठ एवं सहारनपुर मण्डल प्रो० (डॉ०) राजीव कुमार गुप्ता रहे। शासन के निर्देशानुसार महाविद्यालय में आई०क्यू०ए०सी० द्वारा प्रोन्नति बैठक का आयोजन कर 11 प्राध्यापकों की संस्तुति प्रोफेसर पदनाम हेतु की गई जिसके क्रम में माह सितंबर 2022 में समस्त 11 प्राध्यापकों को शासन द्वारा प्रोन्नत कर प्रोफेसर पदनाम प्रदान किया गया।

## भूजल संरक्षण योजना




उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण में दिनांक 16 से 22 जुलाई 2022 तक भूजल संरक्षण अभियान के अंतर्गत दिनांक 16.07.2022 को एन०सी०सी० इकाई द्वारा शपथ ग्रहण एवं भारत सरकार के ऐप पर जल संरक्षण शपथ के अंतर्गत "कैच द रेन" के प्रमाण पत्र प्राप्त किए गए । दिनांक 18.07.2022 को 'भू-जल संरक्षण की आवश्यकता एवं महत्व' विषय पर रेंजर्स टीम द्वारा स्लोगन प्रतियोगिता, दिनांक 19.07.2022 को विशेषज्ञ व्याख्यान, दिनांक 20.07.2022 को एन०एस०एस० द्वारा भूजल संकट उपाय व निदान विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता, दिनांक 21.07.2022 को "भू-जल संरक्षण समस्या व समाधान" विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं दिनांक 22.07.2022 को एन०सी०सी० इकाई द्वारा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



**हमें ऐसी शिक्षा चाहिए जिससे चरित्र बने, मानसिक विकास हो, बुद्धि का विकास हो और मनुष्य अपने पैरों पर खड़ा हो सके । -स्वामी विवेकानंद**

## ई-वेस्ट निस्तारण



प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से ई–वेस्ट निस्तारण समिति का गठन किया गया । जिसके द्वारा विभिन्न विशेष दिवस पर ई–वेस्ट के प्रति जागरुकता फैलाने तथा उसके निस्तारण करने के उद्देश्य से महाविद्यालय की छात्राओं तथा प्राध्यापकों द्वारा ई–वेस्ट महाविद्यालय के ई–वेस्ट सेंटर में एकत्रित किया गया। दिनांक 24.11.2022 को महाविद्यालय के एकत्रित ई–वेस्ट को गणपति सक्रेप, बागपत रोड मेरठ द्वारा निस्तारित कराया गया तथा महाविद्यालय को ई–वेस्ट निस्तारण का प्रमाण पत्र भी प्राप्त हुआ।

## नेशनल कैडेट कोर (एन०सी०सी०)



प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं डॉ० लता कुमार के नेतृत्व में इकाई द्वारा दिनांक 11.09.2022 से दिनांक 15.09.2000 को स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत "स्वच्छ समाज–स्वस्थ समाज" विषय पर पोस्टर, निबंध, स्वैच्छिक श्रमदान, विषयक स्लोगन प्रतियोगिता एवं जागरुकता रैली, दिनांक 01.10.2022 को अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस, दिनांक 31.10.2022 को 'राष्ट्रीय एकता दिवस' पर दौड़ का आयोजन एवं दिनांक 17.12.2022 को एन०सी०सी० कैडेट्स द्वारा भू–जल संरक्षण अभियान चलाकर भूमिगत जल संरक्षण और वर्षा जल के संचय के विषय में पोस्टर व स्लोगन के माध्यम से जन जागरुकता फैलाई गई ।



## क्रांति रेंजर्स टीम



प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं डॉ० अनुजा गर्ग के नेतृत्व में रेंजर्स द्वारा दिनांक 07.11.2022 को भारत स्काउट और गाइड स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया । स्काउट गाइड के स्थापना दिवस के अवसर पर जारी किए गए झंडा स्टीकर प्राध्यापकों एवं छात्राओं को लगाई गई एवं एकत्रित राशि जिला कार्यालय को प्रेषित की गयी ।

## यू०जी०सी० एवं शोध प्रकोष्ठ



महाविद्यालय में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा उच्च शिक्षा एवं शोध संबंधी विभिन्न निर्देशों के अनुपालन एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन हेतु यू०जी०सी० एवं शोध समिति गठित की गई है। समिति यू०जी०सी०, उत्तर प्रदेश शासन एवं विश्वविद्यालय द्वारा जारी शिक्षा एवं शोध संबंधी निर्देशों के अनुपालन हेतु कृत संकल्पित है। महाविद्यालय में विभिन्न विषयों में कुल 102 शोधार्थी शोधरत है। 16 शोधार्थी यू०जी०सी० द्वारा अनुदानित फैलोशिप प्राप्त कर अनुसंधान कर रहे हैं एवं दो शोधार्थी विश्वविद्यालय द्वारा प्राप्त फेलोशिप प्राप्त कर शोधरत है।



**जो पुस्तके हमें सोचने के लिए विवश करती हैं वह हमारी सबसे अच्छी सहायक है । -जवाहरलाल नेहरू**

## प्रसार व्याख्यान माला




प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं डॉ० मोनिका चौधरी के नेतृत्व में दिनांक 20.09.2022 को "आधुनिक विकास का पर्यावरण पर प्रभाव" विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में ग्रीन मैन श्री विजय पाल सिंह बघेल जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि बीते वर्षों में कोविड-19 की विषम परिस्थितियों ने ऑक्सीजन की कीमत से सभी को परिचित करा दिया। इस अवसर पर "सांसे हो रही है कम आओ पेड़ लगाएं" "हम पौधा लगाएं, पेड़ बनाएं, पॉलिथीन को हटाए" नारों से छात्राओं का उत्साहवर्द्धन किया ।



## विलेज एडोप्शन प्रोग्राम
## ''संकल्प : सामुदायिक उत्तरदायित्व का ''




प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं डॉ० गीता चौधरी एवं डॉ० भारती शर्मा के नेतृत्व में महाविद्यालय की छात्राओं में ग्रामीण समुदाय के प्रति संवेदनशीलता, चेतना, जाग:कता ,वं सामुदायिक उत्तरदायित्व की भावना जागृत करने के उद्देश्य से ग्राम जुर्रानपुर, मेरठ में दिनांक 13.08.2022 को आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष में गांव में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय प्राध्यापकों एवं छात्राओं के साथ ब्लाक प्रमुख श्री कपिल कुमार, बी०डी०ओ० श्री राजीव कुमार, ग्राम प्रधान श्री दारा सिंह एवं श्रीमती मंजू सेठी जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा, भाजपा छात्राओं ने हिस्सा लिया।

## ईको रेस्टोरेशन क्लब




प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं डॉ० सत्यपाल राणा के नेतृत्व में इको रेस्टोरेशन क्लब के अंतर्गत दिनांक 01.07.2022 से दिनांक 07.07.2022 तक वन महोत्सव के दृष्टिगत 250 पौधों के रोपण का लक्ष्य महाविद्यालय द्वारा रखा गया, जिसमें विभिन्न इकाइयों के माध्यम से पौधों को स्थानीय क्षेत्रों परिसर के आसपास तथा छात्राओं द्वारा अपने आवासों के पास रोपित किया गया।




## पोषण सप्ताह

प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं डॉ० गौरी के नेतृत्व में गृह विज्ञान विभाग द्वारा दिनांक 01.09.2022 से दिनांक 07.09.2022 तक पोषण संबंधी विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों जैसे- पोषण गीत नृत्य, पोस्टर, मीनू कार्ड निर्माण आदि का आयोजन किया गया। डॉ० गौरी ने छात्राओं को भोजन के वैज्ञानिक महत्व के साथ-साथ कलात्मक महत्व के बारे में बताया एवं डॉ० कुमकुम ने छात्राओं को पौष्टिक भोजन लेने का संदेश दिया । महाविद्यालय प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि पोषण संबंधी जानकारी छात्राओं के लिए अति आवश्यक है, एवं उन्हें पौष्टिक आहार को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए । स्वस्थ नागरिक ही स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण करते हैं । अत: सभी को अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए स्वस्थ समाज की नींव रखने में अपना सहयोग देना चाहिए ।



**देश का सबसे अच्छा दिमाग क्लास रूम की आखिरी बेंचों पर मिल सकता है ।-डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम**

## शिक्षक अभिभावक संघ

प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं डॉ० मोनिका चौधरी के नेतृत्व में दिनांक 20.10.2022 को महाविद्यालय में शिक्षक-अभिभावक संघ का सम्मेलन आयोजित किया गया। महाविद्यालय प्राध्यापकों ने अभिभावकों से छात्राओं की शैक्षिक व सह-शैक्षणिक गतिविधियों की प्रगति के विषय में चर्चा की। अभिभावकों को महाविद्यालय संबंधी सुझावों के लिए मंच पर आमंत्रित किया गया। बैठक के अंत में छात्राओं एवं अभिभावकों द्वारा फीडबैक फॉर्म भी भरवाए गए।

## शैक्षिक/औघोगिक भ्रमण




प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं डॉ० रविन्द्र कुमार के नेतृत्व में नवोन्मेष प्रकोष्ठ के तत्वावधान में दिनांक 30.08.2022 को इंटर्नशिप एंड स्टार्टअप कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं को औद्योगिक भ्रमण, एवं डॉ० अनुजा गर्ग व डॉ० अनीता गोस्वामी के नेतृत्व में दिनांक 23.11.2022 को छात्राओं ने मेरठ स्थित राजकीय स्वतंत्रता संग्राम संग्रहालय का भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्राओं में देश प्रेम व देशभक्ति की भावना के साथ भ्रातृत्व का भाव विकसित करना था।




## विभागीय परिषद

महाविद्यालय की छात्राओं के बहुमुखी विकास तथा नेतृत्व क्षमता विकसित करने के दृष्टिकोण से महाविद्यालय के सभी विभागों में विभागीय परिषद् का गठन किया गया। जिसमें छात्राओं को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सह-सचिव तथा कार्यकारिणी सदस्य (प्रथम व द्वितीय) चुना गया।

## कला प्रदर्शनी



दिनांक 29 सितंबर 2022 को प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं डॉ० रविन्द्र कुमार के नेतृत्व में चित्रकला विभाग द्वारा उमंगों की लहर थीम पर दो दिवसीय चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

## एंटी रैगिंग प्रकोष्ठ




प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं डॉ० मंजू रानी बी०एड० के नेतृत्व में प्रकोष्ठ द्वारा वर्ष भर पूरे महाविद्यालय प्रांगण में भ्रमण कर छात्राओं को रैगिंग संबंधी नियम बताए गए तथा महाविद्यालय में अनुशासनात्मक वातावरण को स्थापित किया गया। दिनांक 04.11.2022 को नव प्रवेषित छात्राओं को रैगिंग के दुष्प्रभाव, एंटी रैगिंग के नियम महाविद्यालय एंटी रैगिंग प्रकोष्ठ की भूमिका की जानकारी प्रदान की गयी एवं दिनांक 24.11.2022 को रैगिंग संबंधी जागरूकता फैलाने हेतु एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि परिसर में रैगिंग संबंधी जीरो टॉलरेंस पॉलिसी है एवं महाविद्यालय इस संबंध में यू०जी०सी० नियमों का पालन हेतु प्रतिबद्ध है साथ ही उन्होंने एंटी रैगिंग प्रकोष्ठ के प्रयासों एवं कार्यों की सराहना की ।

**शिक्षा का कार्य गहराई से और गंभीर रूप से सोचना सीखना है । बुद्धिमता के साथ चरित्र यही सच्ची शिक्षा का लक्ष्य है । -मार्टिन लूथर किंग जूनियर**

## संविधान दिवस




दिनांक 26.11.2022 को राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा संविधान दिवस का आयोजन किया गया। डॉ० आर०सी०सिंह ने संविधान के विषय में मौलिक जानकारी दी । इस अवसर पर प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह ने छात्राओं एवं महाविद्यालय परिवार को शपथ दिलायी । डॉ० अनुजा गर्ग कार्यक्रम संयोजक ने छात्राओं को संविधान में निहित आदर्शों का पालन करने हेतु प्रेरित किया ।



## अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस




प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण में दिनांक 10.12.2022 अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग एवं समाज शास्त्र विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से एक दिवसीय विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता प्रो० संजीव कुमार शर्मा, चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ ने मानवाधिकारों की विस्तृत व्याख्या करते हुए छात्राओं को अधिकारों के साथ साथ समाज के प्रति कर्तव्यों के निर्वह्न करने का आह्वान किया ।

## संयुक्त राष्ट्र संघ दिवस

प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं डॉ० अनुजा रानी गर्ग के नेतृत्व में दिनांक 28.10.2022 को राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा संयुक्त राष्ट्र संघ दिवस के अवसर पर विश्व शान्ति में ''संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका'' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया ।

## राष्ट्रीय गणित दिवस

प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं डॉ० अमित कुमार के नेतृत्व में दिनांक 22.12.2022 को महान गणितज्ञ श्री निवास रामानुजन के जन्मदिवस को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर डॉ० शरद पंवार ने ''श्रीनिवास रामानुजन द्वारा गणित के क्षेत्र में किए गए योगदान'' विषय पर एक व्याख्यान दिया गया।

## राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस




प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं भौतिक विज्ञान व आई०आई०सी० के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 14.12.2022 को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर डॉ० ज्योति चौधरी के नेतृत्व में निबन्ध एवं डॉ० रविन्द्र कुमार के निर्देशन में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।

## अनुस्थापन कार्यक्रम का आयोजन

दिनांक 11.10.2022 को प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह की अध्यक्षता एवं मुख्य शास्ता डॉ० लता कुमार के निर्देशन में नव प्रवेशित छात्राओं हेतु अनुस्थापन कार्यक्रम एवं दिनांक 07.11.2022 को डॉ० अमर ज्योति के नेतृत्व में बी०एड० प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए अनुस्थापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं को अनुशासन सम्बन्धी नियमों, राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट कोर, रेंजर्स, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं संकाय प्राध्यापकों द्वारा आवश्यक जानकारियाँ प्रदान की गईं।




**भविष्य में रचनात्मकता सफलता की कुंजी है और प्राथमिक शिक्षा वह है जहां शिक्षक उच्च स्तर पर बच्चों में रचनात्मकता ला सकता है ।-डॉ० एपीजे अब्दुल कलाम**

## गांधी जयन्ती



दिनांक 02.10.2022 को गांधी जी की 153 वीं जयंती के अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया । गांधी जयंती एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के उपलक्ष्य में रेंजर्स, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर द्वारा श्रमदान एवं वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर स्वनिर्मित व हस्त निर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी आत्म-निर्भरता से स्वावलंबन में रेंजर्स द्वारा हस्तनिर्मित स्वनिर्मित वस्तुओं का आकर्षक स्टॉल लगाया गया । प्रो० (डॉ०) अनुजा गर्ग एवं सामारोहिका प्रो० (डॉ०) अनीता गोस्वामी द्वारा समस्त महाविद्यालय परिवार एवं छात्राओं को तम्बाकू एवं नशा निषेध की शपथ दिलायी गई । प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह ने अपने उद्‌बोधन में महात्मा गांधी एवं शास्त्री जी के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया।



## विश्व एड्स दिवस



विश्व एड्स दिवस की थीम "EQUALIZE" समानता । दिनांक 01.12.2022 को महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं डॉ० कुमकुम व डॉ० गौरी के निर्देशन में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर क्विज का आयोजन व छात्राओं को एड्स से संबंधित जानकारी एवं बचाव के बारे में बताया । इस अवसर पर छात्राओं द्वारा प्रांगण में रेड रिबन लगाकर एड्स जागरूकता का संदेश सभी को दिया।



## शिक्षक पर्व का आयोजन



दिनांक 05.09.2022 से दिनांक 09.09.2022 तक प्राचार्या प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं डॉ० अमर ज्योति के निर्देशन में शिक्षक पर्व मनाया गया। दिनांक 05.09.2022 को डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया, दिनांक 06.09.2022 को "राष्ट्रीय शिक्षा नीति में परिकल्पित शिक्षकों की भूमिका" विषय पर "पैनल चर्चा", दिनांक 07.09.2022 को "डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन के शैक्षिक दर्शन की वर्तमान शिक्षा प्रणाली में प्रासंगिकता" विषय पर अतिथि व्याख्यान, दिनांक 08.09.2022 को "वर्तमान शिक्षा प्रणाली और शिक्षकों की भूमिक" विषय पर कार्यशाला एवं दिनांक 09.09.2022 को छात्राओं हेतु महाविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय में "भारतीय शिक्षाविद एवं दार्शनिक संबंधी पुस्तक पठन पाठन कार्यक्रम' का आयोजन किया गया।

## अंतर महाविद्यालय ताईक्वान्डो



दिनांक 19-20 दिसम्बर 2022 को प्राचार्या प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में अंतर महाविद्यालय ताईक्वान्डो पुरुष ध्महिला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । महिला वर्ग में एन०सी०पी०ई० नोएडा प्रथम व चौ० चरण सिंह परिसर द्वितीय एवं पुरुष वर्ग में एन०सी०पी०ई० नोएडा प्रथम व मेरठ कॉलेज मेरठ द्वितीय स्थान पर रहा ।



## अंतर महाविद्यालय कबड्डी



दिनांक 29 व 30 नवंबर 2022 को प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में अंतर महाविद्यालय कबड्डी महिला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।



**ज्ञान ही शक्ति है, सूचना मुक्ति है, शिक्षा हर समाज में, हर परिवार में प्रगति का आधार है । -कोफी अन्नान**

## चौधरी चरण सिंह जयन्ती




दिनांक 23.12.2022 को प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं अर्थशास्त्र विभाग के तत्वावधान में चौ० चरण सिंह जयंती समारोह का आयोजन किया गया। प्राचार्य ने एवं प्राध्यापकों ने चौ० चरण सिंह के चित्र पर श्रृद्धा सुमन अर्पित किये। इस अवसर पर डॉ० भारती दीक्षित एवं डॉ० आर० सी० सिंह ने छात्राओं को उनके आदर्शों, मूल्यों एवं किसान हित में किये गये कार्यों से अवगत कराते हुए बताया कि देश हर वर्ष महान नेता एवं पूर्व प्रधानमंत्री चौ० चरणसिंह के सम्मान में किसान दिवस मनाता है।




## सरदार वल्लभभाई पटेल जयन्ती




दिनांक 31.10.2022 को सरदार वल्लभ भाई पटेल की 147 वीं जयन्ती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रुप में मनाया गया । इस अवसर पर प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह ने वल्लभ जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए एवं डॉ० अनीता गोस्वामी ने भारत की एकता एवं अखंडता हेतु किये गये कार्यों से अवगत कराते हुए कहा कि लौह पुरुष पटेल के योगदान हेतु देश उनका ऋणी रहेगा इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे ।

## कौमी एकता सप्ताह




दिनांक 19.11.2022 से 25.11.2022 तक प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं डॉ० स्वर्णलता बदम व डॉ० पूनम भण्डारी के नेतृत्व में कौमी एकता सप्ताह मनाया गया । जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे निबन्ध, शपथ, प्रश्नोत्तरी, स्लोगन आदि का आयोजन किया गया। अंतिम दिन 25.11.2022 को अंतर्राष्ट्रीय महिला उत्पीड़न उन्मलन दिवस के उपलक्ष में व्याख्यान का आयोजन किया गया ।




## दस प्राध्यापक बनें प्रोफेसर



महाविद्यालय के दस एसोसिएट प्रोफेसर प्रोन्नति पाकर प्रोफेसर पद हेतु चयनित हुए शासन के नए दिशा निर्देशों के अनुरूप महाविद्यालयों में वर्ष 2021 से प्रोफेसर पदनाम स्वीकृत किया गया था, जिसके अनुपालन में मई माह में विभिन्न विषयों की स्क्रीनिंग समिति की बैठक में ग्यारह प्राध्यापकों के नाम प्रोफेसर पद हेतु संस्तुत किये गये थे । जिनमें डॉ० भारती दीक्षित, डॉ० सुरेश जैन, डॉ० लता कुमार, डॉ० अनुजा गर्ग, डॉ० मोनिका चौधरी, डॉ० मंजू रानी, डॉ० सुधा रानी, डॉ० अनीता गोस्वामी, डॉ० स्वर्णलता कदम, डॉ० गीता चौधरी प्रोन्नति प्राप्त कर प्रोफेसर बनें । महविद्यालय प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह ने सभी प्रोन्नत प्राध्यापको को बधाई दी ।

**शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है जिसका उपयोग आप दुनिया को बदलने के लिए कर सकते हैं। –नेल्सन मंडेला**

## पुरातन छात्रा सम्मेलन



दिनांक 12.11.2022 को प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं डॉ० सुधा रानी सिंह के नेतृत्व में पुरातन छात्र सम्मलेन का आयोजन किया गया। जुलाई को महाविद्यालय की पुरातन छात्राओं का एक सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में छात्राओं ने उपस्थित रहकर अपने विद्यार्थी जीवन को याद करते हुए महाविद्यालय में आए बदलावों पर चर्चा करते हुए अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए।



## हिन्दी पखवाडा एवं हिन्दी दिवस आयोजन



दिनांक को प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं हिंदी विभाग के तत्वावधान में हिन्दी पखवाडा एवं हिन्दी दिवस आयोजन का आयोजन किया गया। सितंबर माह में हिंदी के उत्थान और संवर्धन हेतु हिंदी पखवाड़े के चलते हिंदी विभाग द्वारा छात्राओं के बौद्धिक विकास को दृष्टिगत रखते हुए पहेली बूझो प्रतियोगिता आयोजित की गई।



## शैक्षणिक एवं सह शैक्षणिक उपलब्धियाँ

महाविद्यालय की छात्राओं ने विभिन्न क्षेत्रों में अपने परिश्रम व लगन से सफलता एवं उत्कृष्टता के उच्चतम शिखर को स्पर्श करते हुए महाविद्यालय को गौरवान्वित किया। आख्या गत वर्ष में मुख्य शैक्षणिक एवं सह शैक्षिक उपलब्धियां निम्नवत रहीं...........

- महाविद्यालय के लिए अत्यंत ही गौरव का विषय है कि गणित विभाग की छात्रा सुश्री पलक गोयल ने 96.56 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विश्वविद्यालय का स्वर्ण पदक माननीय राज्यपाल महोदय के कर कमलों से प्राप्त किया।
- महाविद्यालय की छात्राओं ने जनपद व विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित अंतर्महाविद्यालयीय प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।
- दिनांक 21.11.2022 को सड़क सुरक्षा जनपद स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- कैडेट लॉस कॉरपोरल ने मेरठ एन०सी०सी० ग्रुप में प्रतिभाग करते हुए दिनांक 14.12.2022 से दिनांक 23.12.2022 तक आगरा में एडवांस लीडरशिप कैंप में प्रतिभाग किया।
- दिनांक 7 व 8 दिसंबर 2022 को विश्वविद्यालय के दीक्षोत्सव समारोह में महाविद्यालय की छात्राओं ने एकल नृत्य में तृतीय स्थान, भाषण प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान तथा समूह नृत्य प्रतियोगिता में सांत्वना स्थान प्राप्त किया। दिनांक 23.12.2022 को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ में आयोजित आशुभाषण प्रतियोगिता में महाविद्यालय के बी०एड० छात्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- आर०जी०पी०जी० कॉलेज मेरठ में आयोजित अंतर्महाविद्यालयीय वाद विवाद प्रतियोगिता में महाविद्यालय छात्रा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
- महाविद्यालय की चित्रकला विभाग की छात्राओं की पेंटिंग का चयन राज्य ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश द्वारा क्षेत्रीय कला प्रदर्शनी मेरठ हेतु किया गया।

**एक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हमें अज्ञानता और गरीबी से युद्ध लड़ने की क्षमता प्रदान करती है। -चार्ल्स बी० रंगेल**

# आगामी गतिविधियां

## जनवरी

- 05 जनवरी - आई०क्यू०ए०सी० की द्वितीय बैठक
- 10 जनवरी - विश्व हिन्दी दिवस
- 12 जनवरी - युवा दिवस स्वामी विवेकानन्द जयन्ती
- 12 से 18 जनवरी - युवा सप्ताह विविध प्रतियोगिताएं
- 15 जनवरी - थल सेना दिवस
- 17 से 19 जनवरी - रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर
- 23 जनवरी - पराक्रम दिवस/नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती
- 24 जनवरी - उत्तर प्रदेश दिवस/राष्ट्रीय बालिका दिवस
- 25 जनवरी - मतदाता जागरूकता दिवस
- 26 जनवरी - गणतन्त्र दिवस
- 29 जनवरी - कुष्ठ निवारण दिवस
- 30 जनवरी - शहीद दिवस

## फरवरी

- 2 फरवरी - एक दिवसीय व्याख्यान प्रसार व्याख्यान माला
- 5 फरवरी - संत रविदास जयंन्ती
- 13 फरवरी - राष्ट्रीय महिला दिवस
- 16 से 17 फरवरी - वार्षिक क्रीड़ा समारोह
- 20 फरवरी - विश्व सामाजिक न्याय
- 21 फरवरी - अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस
- 28 फरवरी - राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

## मार्च

- प्रथम सप्ताह - परिषदीय पुरस्कार वितरण
- 3 मार्च - शिक्षक अभिभावक सम्मेलन द्वितीय
- 4 मार्च - राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस
- 8 मार्च - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस
- 17 मार्च - पुरातन छात्रा सम्मेलन समारोह द्वितीय
- 20 मार्च - विश्व खुशहाली दिवस/विश्व गोरैया दिवस
- 22 मार्च - विश्व जल संरक्षण दिवस
- 24 मार्च - वार्षिकोत्सव
- 30 मार्च - विश्व वानिकी दिवस

## अप्रैल

- 1 अप्रैल - आई०क्यू०ए०सी० की तृतीय बैठक
- 7 अप्रैल - विश्व स्वास्थ्य दिवस
- 13 अप्रैल - जलियां वाला बाग हत्याकांड दिवस
- 14 अप्रैल - डॉ० भीमराव अम्बेडकर जयन्ती
- 22 अप्रैल - परशुराम जयन्ती पृथ्वी दिवस
- 23 अप्रैल - विश्व पुस्तक एवं कॉनीराइट दिवस

## मई

- 1 मई - मजदूर दिवस
- 10 मई - क्रांति दिवस
- 15 मई - अन्तर्राष्ट्रीय परिवार दिवस
- 22 मई - महाराणा प्रताप जयन्ती/ अन्तर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस
- 25 मई - विश्व मलेरिया दिवस
- 31 मई - विश्व तम्बाकू निषेध दिवस

## जून

- 05 जून - विश्व पर्यावरण दिवस
- 14 जून - विश्व रक्त दान दिवस
- 21 जून - अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस
- 30 जून - युवा सप्ताह विविध
- 30 जनवरी - आई०क्यू०ए०सी० की चतुर्थ बैठक

**शिक्षा ना केवल अवसर की एक पीढ़ी है बल्कि यह हमारे भविष्य में एक निवेश भी है ।-ऐड मार्के**

# @ महाविद्यालय सुर्खियाँ......



श.म.पा. महाविद्यालय मेरठ द्वारा 'भूजल संरक्षण : प्रबंधन और निदान' विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन

पोस्टर प्रतियोगिता में सना प्रथम

अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस के अवसर पर 'समाज में व्याप्त महिला हिंसा के विविध रूप तथा उनका उन्मूलन' विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन

राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस' के उपलक्ष में आयोजित निबंध प्रतियोगिता के परिणाम घोषित

कॉलेजों से आए ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने लिया भाग

अंतर महाविद्यालय ताइक्वांडो (पु०/म०) प्रतियोगिता का समापन

मंगलपांडे महाविद्यालय विजेता

वृक्षारोपण कर पर्यावरण को बचाने का लिया संकल्प

शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला में विचार गोष्ठी का आयोजन

ई-वेस्ट निस्तारण प्रमाणपत्र मिला

ई-वेस्ट निस्तारण प्रमाण पत्र के साथ शहीद मंगल पांडे महिला कॉलेज का स्टाफ।

मेरठ। शहीद मंगल पांडे महिला पीजी कॉलेज को ई-वेस्ट निस्तारण प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ। बागपत रोड गणपति स्क्रेप की ओर से अंशु शर्मा ने प्राचार्य प्रो. डॉ. अंजू सिंह को समिति समन्वयक डॉ. ऊषा साहनी, सह समन्वयक डॉ. अमर ज्योति, आईक्यूएसी समन्वयक प्रो. लता कुमार व साथी प्राध्यापिका प्रो. भारती दीक्षित, प्रो. अनुजा गर्ग आदि की उपस्थिति में प्रमाण पत्र दिए। संवाद

डा. अंजू सिंह, प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय, मेरठ बनीं आजादी के अमृत महोत्सव की नोडल अधिकारी

मटकी सज्जा में शालू-मनीषा प्रथम

मेरठ। शहीद मंगल पांडे महिला पीजी कॉलेज के समाजशास्त्र विभाग में मटकी सज्जा प्रतियोगिता आयोजित की गई। निर्णायक राजनीति विज्ञान विभाग से डॉ. रानी गर्ग व अंग्रेजी विभाग से डॉ. चौधरी रहीं। प्रतियोगिता में शालू प्रथम, नेहा व शिवानी सोनी द्वितीय, राशि, प्रीति, अलिशा, क्षमा पाल व तृतीय स्थान पर रहीं। प्राचार्य प्रो. प्रो. लता कुमार, डॉ. मनीषा भूषण दे मौजूद रहे। संवाद

भूजल संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0(डॉ0)अंजू सिंह जी के निर्देशन व कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 लता कुमार के संयोजन

जल संरक्षण अभियान के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता

डा. अंजू सिंह, प्राचार्य श.मं.पा. राजकीय महाविद्यालय, मेरठ बनीं आज़ादी के अमृत महोत्सव की नोडल अधिकारी

शहीद मंगल पांडे महिला महाविद्यालय में एनसीसी इकाई द्वारा कारगिल विजय दिवस का ऑनलाइन आयोजन कर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

श.मं.पा. राजकीय महाविद्यालय, मेरठ में भूजल संरक्षण अभियान के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

महिला महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

समाजशास्त्र विभाग में मिशन शक्ति का आयोजन

हरियाली तीज पर्व पर हुई केश सज्जा व मेहंदी प्रतियोगिता

शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्राओं ने विश्व उद्यमिता दिवस पर आकर्षक व उपयोगी सामग्री का निर्माण किया

राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय मेरठ के 10 प्राध्यापक प्रोफेसर बने

कार्यस्थल पर महिला समानता विषय पर भाषण प्रतियोगिता हुई आयोजित

महिलाओं की भूमिका विषय पर महाविद्यालय स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया

भूजल संरक्षण अभियान के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

प्रत्येक व्यक्ति को सांस लेने के लिए 422 पेड़ की आवश्यकता होती है जो कि भारत में मात्र 28 प्रति व्यक्ति पेड़ है

छात्राओं ने पेड़ों को राखी बांधकर उनकी रक्षा का लिया वचन

शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्वकर्मा जयंती आयोजित

प्रदर्शनी में सुंदर चित्रों का संयोजन करते हुए कैनवास पर उतारा

मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम, मेरठ के चित्रकला विभाग द्वारा दो दिवसीय चित्रकला प्रदर्शनी "उमंगों की लहर" का समापन ... आदि को बनाया। प्रदर्शनी की संरक्षक व महाविद्यालय परिवार की मुखिया प्राचार्य प्रो. (डॉ) अंजू सिंह जी ने चित्रों का अवलोकन करते हुए चित्रों की प्रशंसा की व कहा कि छात्राओं ने विभिन्न रंगों के माध्यम से सुंदर आकृतियाँ ...

श.मं.पा. राजकीय महाविद्यालय एनसीसी कैडेट्स सैनिकों के लिए राखी निर्मित कर बटालियन भेजी

भूजल संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0(डॉ0)अंजू सिंह जी के निर्देशन व कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 लता कुमार के संयोजन

अमर भारती संवाददाता

मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम में चित्रकला विभाग की ओर से रक्षा बंधन पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा स्वयं निर्मित राखियाँ बनाई गई।

